प्रभात खबर

असली का लोगो लगा बेच रहा था नकली इलेक्ट्रिक सामान

जगदीशपुर. गर्मी बढ़ने से इलेक्ट्रिक दुकानों में एसी, पंखा, कूलर की बिक्री बढ़ गयी है. बाजार में ऐसे फर्जी विक्रेता सक्रिय हैं, जो ग्राहकों को ब्रांडेड सामान के नाम पर नकली इलेक्ट्रिक सामान थमा रहे हैं. ग्राहकों को इस फर्जीवाड़े से सावधान रहने की जरूरत है. ताजा मामले में जगदीशपुर बाजार स्थित एक दुकान से पुलिस ने करीब डेढ़ लाख के नकली इलेक्ट्रिक सामान जब्त किया है. जब्त नकली सामान में लोकल पंखा डायमंड कंपनी के मार्का पर उषा कंपनी का नकली मार्का लगा 30 पंखा, उषा कंपनी का नकली मार्का लगा 34 पीस टोस्टर मशीन, रायलटेक के ऑयरन पर प्रेस्टीज कंपनी का नकली मार्का लगा 75 पीस आयरन व वी-गार्ड कंपनी का नकली 43 पीस वायर शामिल है. लोकल इलेक्ट्रिक सामान पर ब्रांडेड कंपनी के मार्का लगा कर बेचने की पुष्टि होने पर पुलिस ने सभी नकली सामान को जब्त कर लिया. मुंबई के उषा, प्रेस्टीज, आइएफएमए व वी-गार्ड कंपनी की ओर नकली सामान पर कार्रवाई के लिए अधिकृत अधिकारी शीतल कुमार झा ने नकली सामान के विक्रेता पर कार्रवाई के लिए थाने में आवेदन दिया. उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि भागलपुर क्षेत्र में लोकल इलेक्ट्रिक सामान पर ब्रांडेड कंपनी का मार्का लगा कर धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/bhagalpur/was-selling-fake-electric-goods-with-genuine-logo